हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 27 जून, 2025

13 पुलिस अधिकारियों ने बताए नशे के दुष्प्रभाव



14 विकास कार्यों में घटती गुणवत्ता बनी चुनौती



## खबर संक्षेप

### बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतें आज सुनेंगे

**झज्जर।** शुक्रवार को बिजली उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा कार्यकारी अभियंता की अध्यक्षता में सुबह 11 बजे से 2 बजे तक उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम का आयोजन किया जाएगा। फोरम का आयोजन बिजली निगम के पर्वतन परिमंडल यूएचबीवीएन झज्जर कार्यालय में होगा। इस दौरान सिटी सब डिविजन झज्जर, सब अर्बन सब डिविजन झज्जर, सब डिविजन माछरौली, सब डिविजन बादली क्षेत्र उपभोक्ताओं की विभिन्न बिजली एवं बिजली बिल संबंधित समस्याएं सुनी जाएंगी।

### संस्कृत के विकास के प्रति सजगता जरूरी

**बहादुरगढ़।** सनातन सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने कहा कि संस्कृत भाषा का संरक्षण एवं संवर्धन नितांत आवश्यक है। उनके अनुसार देश के प्रत्येक नागरिक के साथ जनप्रतिनिधियों को भी संस्कृत के विकास के प्रति सजग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई स्कूलों में बच्चों को बोलचाल की भाषा के तौर पर संस्कृत को प्रयोग होते देख मुझे बहुत खुशी महसूस होती है। संस्कृत भाषा सदैव हमारी पथ प्रदर्शक रही है। यदि इस भाषा को हम वाक व्यवहार में लाते तो देवत्व हमारे अंदर स्वयं आ जाता।

### भाजपा नेताओं का किया स्वागत

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता वीर कुमार यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से तरक्की की ओर बढ़ रहा है। केवल राजनीति ही नहीं, बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी भाजपा सरकार बेहतर काम कर रही है। बहादुरगढ़ में ओमबीर राठी के निवास स्थान पर पहुंचे भाजपा नेता वीर कुमार यादव व जिला प्रभारी कैप्टन भूपेंद्र का जोरदार स्वागत किया गया। ओमबीर राठी ने उन्हें भगवान श्रीराम की मूर्ति भेंट की। इस दौरान दोनों वरिष्ठ नेताओं ने राजनीति सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पूरे देश को एक साथ लेकर चल रही है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, शेखर यादव, राम अहलावत आदि मौजूद रहे।

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर कल

**बहादुरगढ़।** शहर के ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल में मेदांता अस्पताल के सहयोग से शनिवार 28 जून को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। अस्पताल के मैनेजर विक्की शर्मा ने बताया कि शिविर में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक स्वास्थ्य जांच के अलावा बीपी, आरबीएस, ईसीजी, बीएमडी और पीएफटी की जांच फ्री में की जाएगी। जिन लोगों को सांस से संबंधित परेशानी रहती है, वे पीएफटी की जांच जरूर करवाएं। कैल्शियम कमी जानने के लिए बीएमडी की जांच बिल्कुल फ्री रहेगी। अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। साथ ही आवश्यक परामर्श भी दिया जाएगा।

### अवैध हथियार व कारतूस सहित एक गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** सीआईए वन बहादुरगढ़ ने बादली क्षेत्र से अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ बादली थाने में केस दर्ज किया गया है। सीआईए प्रभारी सुनील कुमार के अनुसार, उन्हें सूचना मिली कि सागर निवासी खेड़का गुर्जर अपने पास अवैध हथियार लिए हुए है। वह फिलहाल गांव में अस्थल मंदिर के पास कहीं जाने की फिराक में खड़ा हुआ है। इस पर टीम वहां गई और आरोपी को काबू किया। तलाशी लेने पर उसके पास एक हथियार व दो कारतूस मिले।

## मिशन एडमिशन : स्नातक कक्षाओं के दाखिलों की पहली मेरिट लिस्ट जारी

# बीकॉम में 101.6, बीएससी लाइफ साइंस में 102.2 और बीए में 99.2 प्रतिशत तक पहुंची कट ऑफ लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार को विभिन्न कॉलेजों में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए आदि स्नातक कक्षाओं के दाखिलों के लिए पहली मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि इस लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम आया है, उनको 30 जून तक ऑनलाइन फीस भरनी होगी। फीस भरने के बाद विद्यार्थियों को अपने दस्तावेजों की जांच के लिए कॉलेज में उपस्थित होना होगा। सभी छात्र अपने दस्तावेजों की जांच अच्छी तरह से कर लें।

### नेहरू कॉलेज में 556 विद्यार्थियों की मेरिट लिस्ट

डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में यूजी कक्षाओं की 1200 सीटों के लिए 1567 आवेदन किए गए थे। इन सीटों पर दाखिलों के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग ने अपने पोर्टल पर 556 विद्यार्थियों की पहली मेरिट लिस्ट जारी की है। इनमें से बीए की 480 सीटों के लिए 272, बीसीए की 80 सीटों के लिए 74, बीबीए की 80 सीटों के लिए 55, बीकॉम की 140 सीटों के लिए 30, बीएससी फिजिकल साइंस की 300 सीटों के लिए 42, बीएससी लाइफ साइंस की 80 सीटों के लिए 50 और बीएससी गणित की 40 सीटों के लिए 33 विद्यार्थियों की मेरिट लिस्ट जारी की गई है।

### बहादुरगढ़ में भी कट ऑफ 83 प्रतिशत के पास



बहादुरगढ़। राजकीय महाविद्यालय में लगी लिस्ट में अपना नंबर देखते छात्र।

**बहादुरगढ़।** उच्चत्तर शिक्षा विभाग ने स्नातक पाठयक्रमों में दाखिले के लिए वीरवार को पहली फाइनल मेरिट लिस्ट जारी कर दी है। इससे पहले बुधवार शाम को प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी की गई थी। इसके आधार पर फीस भरने की अंतिम तिथि 30 जून है। राजकीय महाविद्यालय में बीए संकाय की बात करें तो ऑल इंडिया की कट ऑफ 83.8, हरियाणा ओपन की 66.8, एससी 52.6, बीसी 57.8 प्रतिशत रही। एडमिशन के नोडल अधिकारी कमल कुमार रंगा ने बताया कि बीए इवनिंग में ऑल इंडिया की कट ऑफ 76.8 और हरियाणा ओपन की 60 प्रतिशत रही। बीबीए में ऑल इंडिया की कट ऑफ 86.2, हरियाणा ओपन की 75.2, एससी 60, बीसी 49.8 प्रतिशत रही। बीसीए में ऑल इंडिया की कट ऑफ 89, हरियाणा ओपन की 78.2, एससी 68.2, बीसी 68.2 प्रतिशत रही। बीकॉम में ऑल इंडिया की कट ऑफ 70.6 प्रतिशत रही। बीएससी लाइफ साइंस में ऑल इंडिया की कट ऑफ 81.8, हरियाणा ओपन की 65.8, डीएससी 64.4, ओएससी 59.6, बीसी ए 57.6 प्रतिशत रही। बीएससी फिजिकल साइंस में ऑल इंडिया की कट ऑफ 75.6 और हरियाणा ओपन की 60.2 प्रतिशत रही।

### सीट पक्की करवा लें



डॉ. राजवंती शर्मा

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि पहली मेरिट सूची में आए छात्र अपने ऑरिजिनल डॉक्यूमेंट व फीस लेकर 27 जून से 30 जून तक महाविद्यालय में पहुंचकर अपनी सीट संबंधित कोर्स में पक्की कर सकते हैं। उच्चतर शिक्षा द्वारा दूसरी प्रोविजनल लिस्ट 2 जुलाई और दूसरी फाइनल लिस्ट 3 जुलाई को जारी की जाएगी। जिसके आधार पर फीस भरने व ऑरिजिनल दस्तावेज वेरिफाई करवाने की तिथि 4 से 7 जुलाई रहेगी। इसके बाद भी रिक्त सीटों के लिए आवेदन 9 व 10 जुलाई से होंगे।

**तीन जुलाई को आएगी दूसरी फाइनल मेरिट लिस्ट**

डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि दूसरी प्रोविजनल मेरिट लिस्ट दो जुलाई को जारी होगी, जबकि फाइनल लिस्ट तीन जुलाई को आएगी। इस लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम आएगा, वे चार जुलाई से सात जुलाई तक फीस भर सकेंगे।

### हर कोर्स में दाखिलों की होड़

- बीए की अखिल भारतीय श्रेणी की अधिकतम कट ऑफ 99.2 प्रतिशत और न्यूनतम 85 प्रतिशत, हरियाणा सामान्य वर्ग की अधिकतम कट ऑफ 84.8 प्रतिशत और न्यूनतम 64.6 प्रतिशत, ओएससी की अधिकतम कट ऑफ 64.4 प्रतिशत और न्यूनतम 54.4 प्रतिशत, डीएससी की अधिकतम कट ऑफ 62.2 प्रतिशत और न्यूनतम 50.2 प्रतिशत रही। बीसीए की अधिकतम कट ऑफ 61.2 प्रतिशत और न्यूनतम 56 प्रतिशत, बीसीबी की कट ऑफ 63.6 प्रतिशत और न्यूनतम 43.6 प्रतिशत, ईडब्ल्यूएस की अधिकतम कट ऑफ 61 और न्यूनतम 59 प्रतिशत रही।
- बीसीए कक्षा में अखिल भारतीय श्रेणी की अधिकतम कट ऑफ 99.2 प्रतिशत और न्यूनतम 90 प्रतिशत, हरियाणा सामान्य वर्ग की अधिकतम कट ऑफ 89.8 प्रतिशत और न्यूनतम 78.2 प्रतिशत, ओएससी की अधिकतम कट ऑफ 78 प्रतिशत और न्यूनतम 70 प्रतिशत, डीएससी की अधिकतम कट ऑफ 66.8 प्रतिशत और न्यूनतम 44.2 प्रतिशत, बीसीए की अधिकतम कट ऑफ 76.4 प्रतिशत और न्यूनतम 66.2 प्रतिशत, बीसीबी की अधिकतम कट ऑफ 77.2 प्रतिशत और न्यूनतम 67.6 प्रतिशत ईडब्लूएस की अधिकतम कट ऑफ 77 प्रतिशत और न्यूनतम 73 प्रतिशत रही।
- बीबीए की अखिल भारतीय श्रेणी की अधिकतम कट ऑफ 97.8 प्रतिशत और न्यूनतम 83.8 प्रतिशत, हरियाणा सामान्य वर्ग की अधिकतम कट ऑफ 83.6 प्रतिशत और 72.2 प्रतिशत, ओएससी की अधिकतम कट ऑफ 68.8 और न्यूनतम 53.8 प्रतिशत, डीएससी की अधिकतम कट ऑफ 60.8 और न्यूनतम 58.8 प्रतिशत, बीसीए की अधिकतम कट ऑफ 69.2 प्रतिशत और न्यूनतम 55.6 प्रतिशत, बीसीबी की कट ऑफ 71 प्रतिशत, ईडब्लूएस की अधिकतम कट ऑफ 72 प्रतिशत और न्यूनतम 68.4 प्रतिशत रही।
- बीकॉम की अखिल भारतीय श्रेणी की अधिकतम कट ऑफ 101.6 प्रतिशत और न्यूनतम 73.4 प्रतिशत, हरियाणा सामान्य वर्ग की अधिकतम कट ऑफ 73.2 प्रतिशत और न्यूनतम 63.2 प्रतिशत रही।
- बीएससी फिजिकल साइंस की अखिल भारतीय श्रेणी की अधिकतम कट ऑफ 100.4 प्रतिशत और न्यूनतम 61 प्रतिशत, हरियाणा सामान्य वर्ग की कट ऑफ 52 प्रतिशत रही।
- बीएससी लाइफ साइंस की अखिल भारतीय श्रेणी की अधिकतम कट ऑफ 102.2 प्रतिशत और न्यूनतम 86.2 प्रतिशत, हरियाणा सामान्य वर्ग की अधिकतम कट ऑफ 86.2 प्रतिशत और न्यूनतम 73.4 प्रतिशत, ओएससी की अधिकतम कट ऑफ 65.6 प्रतिशत और न्यूनतम 61.2 प्रतिशत, डीएससी की अधिकतम कट ऑफ 71.8 प्रतिशत और न्यूनतम 69.6 प्रतिशत, बीसीए की अधिकतम कट ऑफ 63.6 प्रतिशत और न्यूनतम 57.8 प्रतिशत, बीसीबी की अधिकतम कट ऑफ 72 प्रतिशत और न्यूनतम 71.8 प्रतिशत रही।
- बीएससी गणित की अखिल भारतीय श्रेणी की अधिकतम कट ऑफ 97.2 प्रतिशत और न्यूनतम 91.8 प्रतिशत, हरियाणा सामान्य वर्ग की अधिकतम कट ऑफ 90 प्रतिशत और न्यूनतम 82 प्रतिशत, ओएससी की अधिकतम कट ऑफ 79.8 प्रतिशत और न्यूनतम 77.8 प्रतिशत, बीसीए की अधिकतम कट ऑफ 76.4 प्रतिशत और न्यूनतम 72.4 प्रतिशत, बीसीबी की अधिकतम कट ऑफ 81.4 प्रतिशत और न्यूनतम 67.6 प्रतिशत रही।

## आईटीआई

### दाखिले के लिए आवेदन का अंतिम दिन आज



झज्जर। आईटीआई गुढ़ा में दाखिला के लिए जानकारी लेते हुए छात्र।

**झज्जर।** जिले की विभिन्न आईटीआई में दाखिले के लिए आवेदन करने का शुक्रवार यानि आज अंतिम दिन है। आईटीआई एट गुढ़ा के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी जीतपाल ने बताया कि जिले की 14 आईटीआई संस्थाओं में दाखिला प्रक्रिया जारी है और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं आवेदन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी विभागीय पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने आईटीआई में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को निशुल्क पासपोर्ट बनवाने की सुविधा देने की घोषणा की है। इससे युवाओं को विदेशों में भी रोजगार अवसरों का मार्ग खुलेगा।

उन्होंने बताया कि पहली कट-ऑफ लिस्ट तीन जुलाई को जारी की जाएगी। लिस्ट में चयनित अभ्यर्थियों को अपने दस्तावेजों का सत्यापन कराना होगा। उन्होंने बताया कि दस्तावेजों में आधार कार्ड, हरियाणा निवास प्रमाण पत्र, दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, बैंक खाता विवरण, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी और फैमिली आईडी अनिवार्य रूप से साथ लानी होगी।

## बस की छत से गिरकर कंडक्टर की जान गई

- बस की छत से सामान उतार रहा था शाहरुख खान
- आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र में वीरवार की सुबह हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र में वीरवार की सुबह हादसा हो गया। यहां एक बस की छत से गिरकर गया। गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान करीब 28 वर्षीय शाहरुख खान के रूप में हुई है। वह एक स्लीपर बस पर कंडक्टर था। वीरवार की सुबह बस यहां बहादुरगढ़ के एमआईई में आई थी। वह बस की छत से सामान उतार रहा था। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ा और वह नीचे जा गिरा। इस हादसे में उसे काफी चोट आई। अस्पताल में लेकर गए तो ईलाज के दौरान मौत की पुष्टि कर दी गई। सूचना पाकर एमआईई चौकी से पुलिस अस्पताल में पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कराई। दोपहर को परिजनों के बयान के बाद शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया। शाहरुख की कुछ महीन पहले ही शादी हुई थी। उसकी पत्नी पांच माह के गर्भ से है। पुलिस ने घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की है।

## 2004 से पहले पंचायती जमीन पर बने मकानों को कानूनी दर्जा

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि ग्रामीणों को मकानों का मालिकाना हक देने की दिशा में सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। 31 मार्च 2004 से पहले पंचायत की जमीन पर बने अनधिकृत मकानों को नियमित किया जाएगा, जिससे हजारों परिवारों को उनके आशियाने पर कानूनी अधिकार मिल सकेगा। सरकार की इस योजना के तहत पात्र ग्रामीण 2004 के कलेक्टर रेट का डेढ़ गुना शुल्क देकर मालिकाना हक प्राप्त कर सकेंगे। यह कदम न केवल आवासन सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण है, बल्कि इससे गांवों में संपत्ति का दस्तावेजीकरण भी सुनिश्चित होगा।

## तीन दिन बाद खत्म हो जाएगा कूड़ा उठान का टेंडर चिंता में कर्मचारी, रुकेगा तीन महीने का वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

डोर-टू-डोर कूड़ा उठान के कार्य में लगे कर्मचारियों की हड़ताल वीरवार को भी जारी रही। कर्मचारियों ने अपनी गाड़ियां नहीं निकाली और काम बंद रखा। कर्मचारी अब इस बात को लेकर भी चिंतित है कि इस माह के शेष तीन दिनों के बाद ठेकेदार का टेंडर समाप्त हो जाएगा। जिस कारण उनका तीन माह का वेतन भी रुक जाएगा। अब वे किस के पास जाकर अपनी समस्या का समाधान कराएं यह उनकी समझ में नहीं आ रहा। हालांकि नगर पालिका सफाई कर्मचारी यूनियन के इकाई प्रधान शिवम ने भी कर्मचारियों से कहा कि वे इस माह तक अपना काम सुचारू रूप से करें। उन्होंने कहा कि नप सचिव ने फोन पर बताया है कि ठेकेदार का बिल पास करने से पहले सफाई कर्मचारियों को उनका वेतन दिलाया जाएगा। लेकिन कर्मचारी काम पर जाने को तैयार नहीं हुए। डोर-टू-डोर कूड़ा उठान कार्य में लगे कर्मचारी रोहित बिड़लान, मुकेश चंदा, धर्म कांगड़ा, शिव कुमार, राजेंद्र काटीवाल, राजकुमार, रवि चंदा, जोगेंद्र, सतीश, अमन, सागर, अमित, विक्की, सन्नी, राजेश, बादल, वीरेंद्र आदि ने बताया कि अपने दो माह के बकाया वेतन की मांग करते हुए उन्हें तीसरा माह होने आया है लेकिन उन्हें वेतन नहीं मिला। अब ठेकेदार का टेंडर भी इस माह समाप्त हो जाएगा। ऐसे में ठेकेदार भी उनकी इस मांग पर अधिक ध्यान नहीं दे रहा। तीन माह तक बगैर किसी वेतन के घर चलाना मुश्किल हो रहा है। वेतन न मिलने से कर्मचारियों में रोष है। बता दें कि कर्मचारियों ने द्वारा पिछले दिनों तीन दिन की हड़ताल की गई थी, जिसके बाद बकाया वेतन देने का आश्वासन दिया था।



झज्जर। पुराने नगर पालिका भवन परिसर में एकत्रित कर्मचारी।

## नगर परिषद कैंप लगाकर लोगों की समस्याएं दूर कर रही

# प्रॉपर्टी आईडी सत्यापन को 31 वार्डों में 11 तक शिविर

- सभी शिविर सुबह 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक लगेंगे। ताकि अधिक से अधिक लोग अपने संपत्ति संबंधित दस्तावेज समय रहते बनवा सकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नगर परिषद बहादुरगढ़ द्वारा शहर के नागरिकों की सुविधा के लिए लाल डोरा सर्टिफिकेट शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर विभिन्न वार्डों में वार्डवार निर्धारित तिथियों और स्थानों पर आयोजित किए जा रहे हैं। नप के कार्यकारी अधिकारी ने सभी नागरिकों से निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर पहुंचकर अपने प्रमाण पत्र के लिए आवेदन व सत्यापन करवाने का आग्रह किया है। नप के कार्यकारी अधिकारी अरुण नांदल ने बताया कि वार्ड नंबर 15 व 16 के नागरिकों के लिए 28 जून तक जटवाड़ा मौहल्ला की 7 बिसवा चौपाल में शिविर आयोजित किया जा रहा है। वहीं वार्ड नंबर 24 के नागरिकों के लिए शिविर का आयोजन 30 जून से 4 जुलाई तक किला मौहल्ला की श्री रामलीला कमेटी हॉल में किया जाएगा। इसके अलावा वार्ड नंबर 25 के निवासियों के लिए शिविर 7 जुलाई से 11 जुलाई तक श्री सतनारायण मंदिर परिसर में लगाया जाएगा। नप के भूमि अधिकारी नीरज शर्मा ने बताया कि सभी शिविर प्रातः 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक लगेंगे। ताकि अधिक से अधिक लोग अपने संपत्ति संबंधित दस्तावेज समय रहते बनवा सकें। नगर परिषद अधिकारियों के अनुसार इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को लाल डोरा क्षेत्र में स्थित संपत्तियों का प्रमाण पत्र प्रदान करना है। यह उन्हें कई कानूनी एवं वित्तीय प्रक्रियाओं में आवश्यक होता है।



बहादुरगढ़। नगर परिषद के कैंप में सत्यापन करवाने पहुंचे नागरिक।

## समाधान शिविर में 22 शिकायतें आईं

**झज्जर।** वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने स्वयं नागरिकों से संवाद किया और जन-समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए समाधान सुनिश्चित किया। जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से काफी संख्या में नागरिक इस शिविर में पहुंचे। उन्होंने समस्याओं को सुनते हुए संबंधित विभागों को मौके पर कार्रवाई के निर्देश भी दिए। समाधान शिविर में कुल 22 शिकायतें दर्ज हुई। शिविर के दौरान गांव गुढ़ा निवासी छात्र रितिक एससी सर्टिफिकेट बनवाने के लिए पहुंचा। डीसी ने तुरंत संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि रितिक के दस्तावेजों की जांच कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जाए। इसके बाद कागजी प्रक्रिया पूरी करने उपरांत शिविर में ही रितिक का प्रमाण पत्र तैयार कर उसे सौंप दिया गया।





झज्जर। शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

## व्यक्ति ने फंदा लगाकर दी जान, शिनाख्त नहीं



झज्जर। सूचना मिलने उपरांत घटनास्थल पर मौजूद पुलिसकर्मी।

**झज्जर।** शहर के कोसली रोड स्थित फ्लाईओवर के नजदीक पड़े खाली प्लाटों में एक व्यक्ति ने पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने के उपरांत पुलिस मौके पर पहुंची तथा राहगीरों की सहायता से शव को फांसी के फंदे से नीचे उतरवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मामले के जांच अधिकारी विजेंद्र ने बताया कि मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। उसकी उम्र करीब 38 से 40 वर्ष आंकी जा रही है। फिलहाल पुलिस द्वारा शव को शिनाख्त के लिए आगामी 72 घंटों के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया गया है।

### वेस्ट जुआं ड्रेन रोड पर मिला व्यक्ति का शव

**बहादुरगढ़।** वेस्ट जुआं ड्रेन रोड पर एक व्यक्ति का शव मिला। तबीयत बिगड़ने अथवा अत्याधिक शराब के सेवन से मौत की आशंका है। असल पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो सकेगी। पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। घटना वीरवार दोपहर की है। दरअसल, यहां नाले के स्लैब पर एक बेसुध व्यक्ति पर लोगों की नजर गई। लोगों ने नजदीक जाकर देखा तो उसकी सांस थमी हुई थी। सूचना पाकर सिटी थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने आसपास लोगों से पूछताछ की लेकिन व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी और न ही पहचान संबंधित कोई दस्तावेज उसके कपड़ों से बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस शव नागरिक अस्पताल में ले गई। सिटी थाने से जांच अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि शव को 72 घंटे के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

अनोखे पक्षी / रजनी अरोड़ा

# तेज गति से उड़ने वाले बिग बर्ड्स

बच्चो, तुमने आसमान में उड़ते हुए छोटे-बड़े कई तरह के पक्षी देखे होंगे। छोटे पक्षी तो फुर्र-फुर्र आसानी से इधर-उधर उड़ लेते हैं। लेकिन दुनिया में कई बड़े आकार के भी ऐसे पक्षी हैं, जो बहुत तेज गति से उड़ते हैं और लंबी दूरियां तय करते हैं। यहां हम तुम्हें कुछ बहुत ही तेज गति से उड़ने वाले बिग बर्ड्स के बारे में बता रहे हैं।



## स्पर-विंग गूस

**इसे दुनिया** के सबसे बड़े हंस प्रजाति के पक्षी रूप में जाना जाता है। एडल्ट स्पर-विंग गूस, लगभग 75 सेंटीमीटर लंबा और 4.8 किग्रा वजन का होता है। 142 किमी या 88 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ने की क्षमता के कारण इसकी गिनती दुनिया की सबसे तेज उड़ने वाले पक्षियों में होती है। यह मुख्यतः उप सहारा अफ्रीका के झीलों, नदियों के पास जमीन पर बनाए घोंसलों में रहते हैं। *



## पिनटेल डक

इस पक्षी के पूंछ के पंख सिरे पर पिन की तरह लंबे और पतले होते हैं, इसीलिए इसे 'प्वॉइंटी डक' भी कहा जाता है। पिनटेल डक के पंखों का फैलाव 23.28 सेंटीमीटर तक हो सकता है। यह 105 किमी या 65 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकते हैं। ये यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका के देशों में बड़ी तादाद में पाए जाते हैं। *



## स्पाइन-टेल्ड स्विफ्ट

171 किलोमीटर (105 मील) प्रति घंटा की स्पीड से उड़ान भरने वाले स्पाइन-टेल्ड स्विफ्ट, दुनिया की सबसे तेज उड़ने वाली बर्ड्स में से एक है। काले रंग के स्विफ्ट बर्ड के गले पर सफेद रंग के बाल होते हैं, इसलिए इसे 'व्हाइट थ्रोटेड नीडल टेल' के नाम से भी जाना जाता है। ये पक्षी मध्य एशिया, साइबेरिया, पूर्वी और उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में पाए जाते हैं। जमीन पर उतरने के बजाय ये अपना अधिकांश जीवन उड़ते हुए और पहाड़ों पर बनाए अपने घोंसले में बिताते हैं। ये आसमान में उड़ने वाली छोटी बर्ड्स और कीड़े खाते हैं। *


## फ्रिगेट बर्ड

समुद्री जीवों में फ्रेगाटा परिवार की पांच प्रजातियों में से एक है फ्रिगेट बर्ड। ये पक्षी 153 किमी (95 मील) प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकते हैं। ये आकार में काफी बड़े होते हैं, जिससे ये न तो पानी में आसानी से तैर पाते हैं और न ही जमीन पर चल पाते हैं। लेकिन ये बहुत तेजी से समुद्र में डाइव लगाकर मछलियों, जेली फिश, स्क्विड जैसे समुद्री जंतुओं का शिकार कर लेते हैं। नर फ्रिगेट पक्षी के गले में लाल थैली होती है, जिसे वह मादा फ्रिगेट को आकर्षित करने के लिए फुलाता है। फ्रिगेट बर्ड्स, ज्यादातर मध्य और उत्तरी अमेरिका के देशों में पाए जाते हैं। *



## रेड चेस्ट डाइविंग डक

अपनी दांतदार चोंच के कारण ये पक्षी 'मरगस सरेटर' नाम से भी जाने जाते हैं। ये 51.62 सेंटीमीटर तक लंबे हो सकते हैं। इसके पंखों का फैलाव 70.86 सेंटीमीटर तक हो सकता है। यह डक 129 किमी या 80 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकता है। रेड चेस्ट डक पानी के अंदर डाइव लगाकर काफी देर तक रह सकता है। ये पक्षी मछलियां, कीड़े और मेंढक आदि खाते हैं। यह डक मुख्य रूप से उत्तरी अमेरिका, ग्रीनलैंड, यूरोप और एशिया के देशों में मिलते हैं। *




## ऐडर डक

बड़े आकार के समुद्री बत्तखों में ऐडर डक को भी शामिल करते हैं। ये डक 50 सेंटीमीटर से भी अधिक लंबे हो सकते हैं और 113 किमी या 70 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकते हैं। ऐडर डक मुख्य रूप से उत्तरी अमेरिका, उत्तरी यूरोप और पूर्वी साइबेरिया के उत्तरी भाग में पाए जाते हैं। *



## कैनवास बैक डक

यह उत्तरी अमेरिका के देशों में पाया जाने वाला सबसे बड़े आकार का डाइविंग डक है। यह लगभग 80 सेंटीमीटर तक लंबा हो सकता है और इसके पंखों का फैलाव 48.56 सेंटीमीटर तक हो सकता है। यह 124 किमी या 77 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकता है। इनकी खासियत है कि ये अपने साथियों के साथ झुंड में वी-शेप बनाकर आकाश में उड़ते हैं। ये जलीय वनस्पति खाते हैं। सर्दियों के दौरान यह मिसीसिपी नदी के आस-पास के गर्म इलाकों में माइग्रेट करते हैं। *



जानकारी / नयनतारा

# कब की जाती है मेडे कॉल

बच्चो, पिछले दिनों अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश की दुर्घटना के बाद न्यूज चैनल्स, न्यूज पेपर्स और सोशल मीडिया पर तुम बार-बार एक शब्द 'मेडे कॉल' के बारे में सुन या पढ़ रहे होगे। क्या तुम जानते हो यह कॉल क्या होती है और कब की जाती है?



बच्चो, बीते 12 जून 2025 को अहमदाबाद (गुजरात) में एयर इंडिया का एक एयरो प्लेन एआई 171 उड़ान भरने के कुछ पलों बाद ही क्रैश हो गया था। प्लेन क्रैश से कुछ समय पहले प्लेन के कैप्टन यानी पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर से संपर्क करते हुए 'मेडे कॉल' जारी की थी। जानो 'मेडे कॉल' के बारे में।

**कहां से आया टर्म 'मेडे':** यह शब्द फ्रेंच भाषा के प्रचलित फ्रेज 'म'आइडर' से बना है, जिसका अर्थ होता है 'हेल्प मी' यानी मेरी मदद करो। चूंकि यह फ्रेंच फ्रेज सुनने में 'मेडे' जैसा प्रतीत होता है, इसलिए 'म'आइडर' की जगह 'मेडे' प्रचलित हो गया। अब तो हवाई उड़ान के दौरान आई इमरजेंसी से संबंधित 'मेडे' शब्द को दुनिया के लगभग सभी देशों के लोग समझते हैं। प्रायः हर देश और हर कंपनी की विमान सेवा में इमरजेंसी मैसेज के लिए 'मेडे कॉल' टर्म का ही यूज किया जाता है।



**ऐसे हुई मेडे कॉल की ऑफिसियल शुरुआत:** इस शब्द की शुरुआत 1923 में लंदन के क्रायडन एयरपोर्ट के वरिष्ठ रेडियो अधिकारी फ्रेडरिक मोकफोर्ड के आग्रह पर हुई और 1948 में इसे आधिकारिक (ऑफिसियल) बना दिया गया।

**क्यों कहते हैं इसे मेडे कॉल:** प्लेन की उड़ान के दौरान जब पायलट को लगता है कि एयरो प्लेन खतरे में है, तो वह 'मेडे, मेडे, मेडे...' पुकारता है। यह संकट में दिया गया रेडियो सिग्नल है। जैसे ही एयर ट्रैफिक नियंत्रण करने वाले 'मेडे कॉल' को सुनते हैं, वे जान जाते हैं कि एयरो प्लेन संकट में है और उसे मदद की जरूरत है।

**तब करते हैं मेडे कॉल:** मेडे कॉल एक आपात संदेश (इमरजेंसी मैसेज) होता है। इसे एयरो प्लेन का पायलट उस समय करता है, जब विमान किसी गंभीर संकट में हो और यात्रियों या क्रू मेंबर्स की जान को खतरा हो। विमान का इंजन फेल होना, खराब मौसम, नेविगेशन सिस्टम की विफलता, किसी यात्री की अचानक तबियत खराब हो जाना या पायलट द्वारा हवाई जहाज का नियंत्रण खो देना... इस तरह की आपात कालीन परिस्थितियों में मेडे कॉल किया जाता है। *

तुम्हारे लिए नई किताबें / विज्ञान भूषण

# जानवरों-पक्षियों पर कविताएं

बच्चो, तुम अपने आस-पास कई तरह के जानवरों और पक्षियों को देखते होगे। कुछ जानवर और पक्षी तुमने चिड़ियाघर यानी जू में देखे होंगे। लेकिन उनमें से कई जानवर और पक्षी ऐसे होंगे, जिनके बारे में तुम बिल्कुल नहीं या बहुत कम जानते हो। हाल में ही दो ऐसी नई किताबें छपकर आई हैं, जिनमें अनेक पालतू और जंगली पशु-पक्षियों के बारे में कविता के माध्यम से जानकारी दी गई है। 'कितने प्यारे जानवर हमारे' और 'कितने प्यारे पंछी हमारे' शीर्षक वाली इन किताबों में प्रसिद्ध बाल साहित्यकार डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल ने सरल और प्यारी कविताओं में देश-दुनिया में पाए जाने वाले कई पशु-पक्षियों के आकार, उनकी शारीरिक विशेषताओं, उनके स्वभाव, उनके निवास और उनसे जुड़ी कहावतों की जानकारियां दी हैं। मोर कविता में वह लिखते हैं, *'राष्ट्रीय पक्षी भारत का/कहा मोर ही जाता/सुंदर पंखों के कारण है/मन को बेहद भाता।'* तो गौरैया कविता में लिखते हैं, *'इधर-उधर जब चहका करती/लगती प्यारी-प्यारी/गौरैया अब संख्या में कम/चिंता बढ़ी हमारी।'* इसी तरह भालू कविता में वे लिखते हैं, *'बजा डुगडुगी खूब मदारी/इसको नाच नचाता/भालू खुश होकर बच्चों के/मन को है बहलाता।'* ऐसी ही बहुत सी कविताएं इन दोनों किताबों में संकलित हैं। इन कविताओं को पढ़ने में तुमको सच में बहुत मजा तो आएगा ही, ढेरों जानवरों, पक्षियों के बारे में काफी कुछ जानने को भी मिलेगा। *




**किताबें:** 'कितने प्यारे जानवर हमारे' और 'कितने प्यारे पंछी हमारे'
**लेखक:** डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल, **मूल्य:** 150 रुपए (प्रत्येक)
**प्रकाशक:** सूर्य भारती प्रकाशन, दिल्ली

# जीतू को आई समझ

जीतू का पढ़ाई में बिल्कुल मन नहीं लगता था। लेकिन खेलने में खूब मजा आता था। अक्सर अपने मम्मी-पापा से बिना बताए वह स्कूल बंक करके पार्क में बच्चों के साथ क्रिकेट खेलने लगता। लेकिन एक दिन शूज पॉलिश करने वाले एक बूढ़े बाबा ने उससे कुछ ऐसा कहा कि जीतू ने मन लगाकर पढ़ाई करने का संकल्प कर लिया।



कहानी
सरस्वती रमेश

जीतू के मम्मी-पापा मजदूरी करते हैं। सुबह-सुबह जीतू की मम्मी उसे तैयार कर स्कूल भेज देती हैं। उसके बाद पापा के साथ वह भी काम पर चली जाती हैं। जीतू का पढ़ाई में बिल्कुल भी मन नहीं लगता। उसका स्कूल जाने का भी मन नहीं करता है। स्कूल के पास ही एक बड़ा-सा मैदान है। वहां ढेरों बच्चे खेलते रहते हैं। उनको देखकर जीतू का भी मन करता है कि वह भी स्कूल जाने के बजाय उन बच्चों के साथ खेले।

एक दिन जीतू स्कूल जा रहा था। मैदान में बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। तभी गेंद उसके सामने आ गिरी। खेल रहे बच्चे चिल्लाने लगे, 'गेंद फेंको.. गेंद फेंको।' जीतू ने गेंद उनकी तरफ फेंक दी फिर कुछ देर वहीं खड़े होकर उन बच्चों का खेल देखने लगा। थोड़ी देर बाद क्रिकेट खेल रहे बच्चों के पास जाकर जीतू बोला, 'मुझे भी अपने साथ में क्रिकेट खेलने दो।'

'ठीक है, वहां फील्डिंग पर लग जाओ।' बैटिंग कर रहे लड़के ने इशारा करते हुए जीतू से कहा। जीतू खुश हो गया। उसे खेलने में बड़ा मजा आ रहा था। खेलते-खेलते दोपहर हो गई। बच्चे अपने-अपने घर जाने लगे। जीतू भी बस्ता टांग कर अपने घर वापस लौट आया।

अगले दिन से जीतू स्कूल जाने के लिए घर से निकलता लेकिन स्कूल जाने के बजाय मैदान में बच्चों के साथ खेलने लगता। खेलने में उसे बड़ा मजा आता। अब न पढ़ाई का प्रेशर था, न होमवर्क करने की चिंता। रोज-रोज स्कूल बंक कर बच्चों के साथ खेलना उसकी आदत बन गई।

मैदान के बगल वाली सड़क पर एक बूढ़े बाबा जूते पॉलिश करते थे। आते-जाते जीतू उन्हें रोज देखता। एक दिन जीतू खेलने के बाद घर जा रहा था। उसने देखा कि बूढ़े बाबा किताब पढ़ रहे हैं। उसे बड़ा आश्चर्य हुआ। वह उनके पास जाकर बोला, 'बाबा, आप तो जूते पॉलिश करने का काम करते हैं। आज आप किताब क्यों पढ़ रहे हैं?'

'क्योंकि मैं जान गया हूं कि पढ़ाई-लिखाई जीवन में बहुत जरूरी है।' बाबा ने कहा। 'कैसे जान गए... ऐसा क्या हुआ?' जीतू ने हैरानी से पूछा।

'बेटा, मैं सिर्फ दूसरी कक्षा तक पढ़ा हूं। अक्षर पहचान लेता हूं। लेकिन अच्छी तरह पढ़ना नहीं जानता। मेरे पोते को कुछ दिनों से खांसी आ रही थी। दवा का नाम ना पढ़ पाने के कारण मैंने उसे खांसी की दवा पिलाने की बजाय घाव साफ करने वाली दवा पिला दी, जिससे मेरे पोते की तबियत और बिगड़ गई। उसे अस्पताल ले जाना पड़ा। असल में दोनों दवाओं का रंग एक जैसा था। मुझे समझ नहीं आया। अगर मैं पढ़ा-लिखा होता तो यह गलती कभी ना होती। दवा का नाम पढ़ लेता। अब मेरा पोता ठीक हो गया है। मैंने उसका दाखिला स्कूल में करा दिया है और अपने लिए भी किताबें खरीद लाया हूं। खाली समय में अब मैं भी किताबें पढ़ता हूं।' बूढ़े बाबा ने बताया।

'लेकिन मुझे तो पढ़ना बिल्कुल पसंद नहीं है। पढ़ाई के लिए तो बहुत मेहनत करनी पड़ती है, बहुत दिमाग खपाना पड़ता है। इसलिए मैं स्कूल जाने की बजाय यहां पार्क में खेलने चला आता हूं।' जीतू ने बताया।

जीतू की बात सुनकर बाबा ने उसे समझाते हुए कहा, 'बेटा, मेहनत और लगन से पढ़ाई-लिखाई करने वाले आगे चलकर अच्छे और सफल इंसान बनते हैं। देश के लोगों की सेवा करते हैं। सेना में भर्ती होते हैं, पुलिस बनते हैं, डॉक्टर या इंजीनियर बनते हैं। पढ़-लिखकर बहुत-से अच्छे काम किए जा सकते हैं, जो बिना पढ़े-लिखे संभव नहीं है। तुमको स्कूल जरूर जाना चाहिए।'

बाबा की बातें सुनकर जीतू सोच में पड़ गया। उसके मम्मी-पापा को भी पढ़ना नहीं आता। इसलिए उन्हें धूप में मजदूरी करनी पड़ती है। अगर स्कूल नहीं जाएगा, तो वह भी अनपढ़ रह जाएगा। जरूरत पड़ने पर दवाइयों के नाम भी नहीं पढ़ पाएगा। ऐसे तो बड़े होकर उसे भी मजदूरी जैसा कोई काम करना पड़ेगा। जीतू को अपने स्कूल बंक करने की आदत पर बहुत पछतावा होने लगा। 'बाबा, अब मैं रोज स्कूल जाऊंगा। मन लगाकर पढ़ाई करूंगा। बड़ा होकर डॉक्टर बनूंगा।' जीतू ने जोश के साथ बूढ़े बाबा से कहा।

'शाबाश! बहुत बढ़िया। खूब पढ़ो.. आगे बढ़ो।' बाबा ने जीतू के सिर पर हाथ रखकर कहा। *

कविता
सिराज अहमद



## टुक टुक टुक

चला सैर को बंटी बंदर
बहुत दिनों था घर के अंदर
कैब फोन से कर ली बुक
टुक टुक टुक- टुक टुक टुक
विंडो के फिर पास बैठकर
पैर चढ़ाकर एक पैर पर
बाहर करता लुक लुक लुक
टुक टुक टुक- टुक टुक टुक
दिखा रास्ते में एक हाथी
था उसका बचपन का साथी
हाल-चाल पूछा फिर रुक
टुक टुक टुक- टुक टुक टुक
दिनभर करके सैर सपाटा
खाते-पीते मौज उड़ाता
लौटा घर को पढ़ते बुक
टुक टुक टुक- टुक टुक टुक

## जीके क्विज-159

1. आईसीसी की ताजा रैंकिंग के अनुसार विश्व की बेस्ट वन-डे महिला बैटर कौन बनी हैं?
2. हाल ही में किस देश ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया है?
3. हरियाणा के वर्तमान राज्यपाल का क्या नाम है?
4. रातापानी टाइगर रिजर्व किस प्रदेश में स्थित है?
5. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?
6. ज्ञानपीठ पुरस्कार किस क्षेत्र में दिया जाता है?
7. विश्व जनसंख्या दिवस कब मनाया जाता है?
8. 'हिंद स्वराज' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
9. हर वर्ष निकाली जाने वाली रथ यात्रा का संबंध किस मंदिर से है?
10. हमारा पड़ोसी देश श्रीलंका किस महासागर के बीच में स्थित है?



बच्चों, जीके क्विज-159 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-158 का उत्तर :** 1.महेंद्र सिंह धोनी, 2.ऋषभदेव, 3.जम्मू-कश्मीर, 4.छत्तीसगढ़, 5.कार्बन डाइऑक्साइड, 6.केराटिन, 7. 1576 ई., 8. 1 जुलाई, 9.प्लैटिनम, 10.बछेंद्री पाल

**जीके क्विज-158 का सही उत्तर देने वाले :** स्वप्निल-रायगढ़, ममता-सीतापुर, लालिमा-गरियाबंद, राम-राजनांदगांव, सौम्या-रायगढ़, कबीर-हिसार, मीनाक्षी-रायपुर, पंकज-भोपाल, अनुज-बेमेतरा, प्रियंका-बिलासपुर, कुश-महासमुंद

## रंग भरो-178

**रंग भरो-178** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




शौर्य, रोहतक


भव्या, बिलासपुर


तन्वी, रोहतक


वेदिका, बालोद


रेयांश, बिलासपुर


समृद्धि, शहडोल

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

रितेश-मटियारी, प्रिया-रायपुर, संतोष-भोपाल, अमन-रोहतक, रुचि-जबलपुर, निखिल-महासमुंद, अंचित-रायगढ़, कविता-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, लक्ष्य-कोरबा

## रंग भरो 179

बच्चो, यहां दो बिल्लियों का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप



### 3274 करोड़ रुपये की ड्रग्स की गई नष्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को 'नशा मुक्त भारत पखवाड़ा' (12 जून से 26 जून) का समापन किया। इस दौरान 3274.5 करोड़ से अधिक मूल्य की अवैध ड्रग्स एलजी विनय कुमार सक्सेना की मौजूदगी में जहांगीरपुरी में नष्ट की गई। क्राइम ब्रांच और स्पेशल सेल के कई सीनियर अधिकारी भी इस दौरान मौजूद रहे। स्पेशल सीपी क्राइम ब्रांच देवेश चंद्र श्रीवास्तव के अनुसार दिल्ली पुलिस नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है।

### कंपनी की रकम लेकर फरार आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने कंपनी की रिकवरी रकम और अन्य सामान लेकर फरार हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। पीवरा की ढाणी में चल रहे फाइनेंस कंपनी के शाखा प्रबंधक मुनेश राणा ने 28 जनवरी को पुलिस शिकायत में बताया था कि उनकी कंपनी जरूरतमंद महिलाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण मुहैया कराती है।

### बिरेंद्र हत्याकांड में शामिल दो और काबू

**कोसली।** पुलिस ने बिरेंद्र हत्याकांड में दो और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गांव भोहतवास भोंदू निवासी राहुल उर्फ काला व निखिल उर्फ निक्कू के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गांव भाकली निवासी एक महिला ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसका बेटा पवन आर्मी में पठानकोट में तैनात है। वह गत 7 जून को गेम की प्रेक्टिस में शामिल होने के लिए पहले हिसार आया था।

### सांसद ने उत्तरी जिला कार्यालय में की बैठक

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिमी दिल्ली से भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने क्षेत्रीय विधायक राजकरण खत्री, क्षेत्रीय जिलाधिकारी यश चौधरी (आईएएस) के साथ गुरूवार को उत्तरी जिला के जिलाधिकारी (डीएम) कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक के बाद सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने बताया कि बैठक में ग्राम उदय योजना के अंतर्गत लंबित कार्यों की समीक्षा की गई, जिनमें प्रमुख रूप से चौपाल, श्मशान घाट, सड़कों, गैस पाइपलाइन (जीएआईएल) और अन्य विकास कार्य शामिल हैं।

### अपहरण और फिरौती के पांच आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिले की किशनगढ़ पुलिस ने एक्सटॉर्शन और अपहरण गैंग के पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम प्रवेश, आर्यमन चौधरी, ऋतिक, देव आनंद यादव और सरमन राय बताये गये हैं। यह सभी राजस्थान, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश के रहने वाले हैं। वारदात में इस्तेमाल कार को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि 16 जून को एक शिकायत मुनिरका के रहने वाले शख्स ने की थी।

### रैन बसेरों में भ्रष्टाचार की होगी जांच : सूद

**नई दिल्ली।** दिल्ली में चल रहे रैन बसेरों में हुए कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ विजिलेंस व सीबीआई जांच कराएगी। यह बात गुरुवार को दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने सराय काले खां की पार्किंग में चलाए जा रहे पांच रैन बसेरों का औचक निरीक्षण के दौरान कही। निरीक्षण के दौरान विकास मंत्री सूद ने रैन बसेरों में कई तरह की खामियां पाई। उन्होंने डूसिब और एनजीओ को चेतावनी दी। लापरवाही और भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## झज्जर पुलिस ने बहादुरगढ़ में नशे के विरुद्ध चलाई मुहिम

# पुलिस अधिकारियों ने लोगों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

### एसीपी ट्रैफिक दिनेश व इंस्पेक्टर सतीश ने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

झज्जर पुलिस की ओर से वीरवार को बहादुरगढ़ में नशे के विरुद्ध मुहिम चलाई गई। इसके तहत मेट्रो स्टेशन, वार्ड-22, ट्रक यूनियन व विभिन्न कंपनियों में कार्यक्रम किए गए। एसीपी ट्रैफिक दिनेश कुमार व इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने लोगों को नशे के प्रति जागरूक किया। सोसायटी फॉर ऑल अराउंड ह्यूमेन डेवलपमेंट के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया और आभार जताया।

एसीपी दिनेश कुमार ने ट्रक यूनियन में चालकों को जागरुक करते हुए कहा कि नशा बेहद गंभीर समस्या है। शारीरिक, मानसिक नुकसान के साथ, यह हमें सामाजिक नुकसान भी पहुंचाता है। बढ़ती आपराधिक वारदात और दुर्घटनाओं की भी यह एक बड़ी वजह है। इसलिए नशे से दूर रहें। नशे की हालत में वाहन बिलकुल न चलाएं। ऐसी स्थिति में दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। नशा समाज का दुश्मन है। इसलिए समाज से इस बुराई को समाप्त करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सभी ग्राम पंचायत, सामाजिक संस्थाएं तथा यूथ क्लब अपनी अग्रणी भूमिका निभाना सुनिश्चित करें ताकि समाज को पूरी तरह से नशा मुक्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस के अभियान से प्रेरित होकर जहां युवा शिक्षा और खेल जैसी गतिविधियों की ओर आकर्षित हो रहे हैं तो वहीं पर अनेक नशा ग्रस्त व्यक्तियों ने नशा छोड़ने की पहल भी की है। ऐसे लोगों का प्रशासन द्वारा ईलाज कराया जा रहा है ताकि उन्हें फिर से सामान्य धारा में जोड़ा जा सके।



**बहादुरगढ़।** एसीपी दिनेश कुमार व इंस्पेक्टर सतीश कुमार का स्वागत करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### स्वास्थ्य कर्मियों ने युवाओं को दी नसीहत, नशे से ना करें दोस्ती

**झज्जर।** अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत मित्रता क्लीनिक द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित जिला किशोर स्वास्थ्य काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा ने किशोरों और युवाओं को नशे के दुष्परिणामों बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा केवल शरीर को ही नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक जीवन को भी बर्बाद कर देता है। युवाओं को चाहिए कि नशे से दोस्ती बिल्कुल ना करें। उन्होंने मित्रता क्लीनिक के कार्यों, किशोरावस्था के बदलते पहलुओं, उचित खानपान, मानसिक स्वास्थ्य और स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं के बारे में भी युवाओं को अवगत कराया। वहींपीएसडब्ल्यू पूनम एवं एमसीडी नर्सिंग ऑफिसर सोनी द्वारा मरीजों व तीमारदारों को नशे के प्रति जागरुक किया गया।




**झज्जर।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थी और स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि



**झज्जर।** जागरुकता अभियान के अंतर्गत सीएम नायब सिंह सैनी के साथ उपस्थित साइकिलिस्ट स्वीटी मलिक। फोटो : हरिभूमि

## साइकिलिस्ट स्वीटी मलिक की मुहिम

# नशे को ना हस्ताक्षर अभियान में सीएम सैनी ने किए हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- डीघल की बेटी साइकिलिस्ट स्वीटी मलिक पिछले लगभग 8 साल से ड्रग फ्री हो हमारा भारत विषय पर जागरुकता चला रही अभियान

नशे को ना समिति की प्रधान व जिले के गांव डीघल की बेटी साइकिलिस्ट स्वीटी मलिक पिछले लगभग 8 साल से ड्रग फ्री हो हमारा भारत विषय पर जागरुकता अभियान चला रही है। पिछले चार वर्षों से स्वीटी द्वारा अपनी टीम के साथ विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में पोस्टर प्रदर्शनी व साइकिल जागरूकता यात्रा का आयोजन कर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशे के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान भी चला रखा है। इसी के चलते मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ निवास पर नशे के खिलाफ चलाए जा रहे जागरूकता अभियान में अपने हस्ताक्षर करके इसे और गति दे दी है। मुख्य सचिव हरियाणा अनुराग रस्तोगी आईएएस ने भी साइकिलिस्ट स्वीटी मलिक के कार्य की प्रशंसा कर अपने हस्ताक्षर किए। स्वीटी ने बताया कि इनके अलावा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो हरियाणा के चीफ एडीजीपी ओपी सिंह, स्वास्थ्य मंत्री आरती राव, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, कैबिनेट मंत्री राव नरवीर सिंह, कैबिनेट मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा सहित अन्य प्रबुद्धजनों द्वारा हस्ताक्षर किए गए हैं।

## मृतक के परिजनों को दी एक करोड़ रुपये की बीमा राशि

**झज्जर।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की स्थानीय शाखा द्वारा सड़क हादसे में मौत का शिकार बने दंपत्ति के परिवार को एक करोड़ रुपये की बीमा राशि दिलाई है। शाखा प्रबंधक अनु मान ने बताया कि बिजली निगम के मातनहेल में कार्यरत जहाजगढ़ निवासी नरेश कुमार व उनकी पत्नी की दर्दनांक मृत्यु हो गई थी। नरेश कुमार का सेलरी खाता उनके बैंक में संचालित था। उन्होंने बताया कि बैंक द्वारा सभी प्रकार के सरकारी एवं गैर सरकारी सेलरी खातों पर 25 लाख से एक करोड़ तक का बीमा कवरेज प्रदान किया जाता है। जब नरेश कुमार के परिजनों से बैंक में संपर्क किया तो उन्होंने वांछित दस्तावेजों के आधार पर बैंक द्वारा एक करोड़ रुपये की बीमा धनराशि का चेक उनके परिवार को प्रदान किया। इस सहायता पर परिजनों द्वारा बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों का आभार जताया गया।



# छंगा अखाड़े में किया रितेश का स्वागत

- वियतनाम में हुई एशिया कैडेट चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वियतनाम में हुई एशिया कैडेट चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले टांडाहेड़ी के रितेश दलाल का हवा सिंह दलाल छंगा अखाड़े में जोरदार स्वागत किया गया। जिला कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष रामरतन भुरू पहलवान ने बताया कि रितेश पहलवान पिछले 7 सालों से हवा सिंह छंगा अखाड़े में कुश्ती का अभ्यास कर रहा है। रितेश ने अपने पहले ही अंतरराष्ट्रीय टूर में उत्तर कोरिया के पहलवान को 10-0 से हराकर कांस्य पदक जीता है। रितेश ने अपनी सफलता का श्रेय गुरु हवा सिंह पहलवान, कोच रामरतन भूरू, कोच प्रेम जाखड़ व कोच नवनीत मलिक को दिया। अखाड़े में पहुंचने पर महेंद्र दलाल, पोनी, मोनू टांडाहेड़ी, रणबीर मलिक, रामबीर पहलवान, सोनू पहलवान, प्रकाश, राजपाल पहलवान, नरेंद्र व कुलदीप पहलवान आदि ने रितेश दलाल का स्वागत किया।



**बहादुरगढ़।** अखाड़े में रितेश पहलवान का स्वागत करते कोच व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# जिलाध्यक्ष ने संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं के साथ किया मंथन

- इनेलो जिलाध्यक्ष सतपाल पहलवान ने कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

इंडियन नेशनल लोकदल कार्यालय में वीरवार को इनेलो जिलाध्यक्ष सतपाल पहलवान ने कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग की। मीटिंग में संठगन के विस्तार व मजबूती को लेकर विचार-विमर्श किया गया। मंच संचालन जिला शहरी अध्यक्ष रामनिवास सैनी द्वारा किया गया। मीटिंग में मुख्य रूप से उपस्थित इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्या शीला नफे सिंह राठी ने कार्यकर्ताओं को पार्टी संगठन मजबूत करने के लिए पार्टी की नीतियों का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती में कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इसलिए सभी कार्यकर्ता संगठन को मजबूत बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करें। इनेलो पार्टी की नीतियां सदा से ही जनहितैषी रही हैं और पार्टी में लोगों को पूरा मान-सम्मान दिया जाता है। जिलाध्यक्ष सतपाल पहलवान ने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ता पूरी मेहनत व लगन के साथ कार्य करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की जनहितैषी नीतियों को जनता तक पहुंचाने के लिए डोर-टू-डोर प्रचार-प्रसार करें।



**झज्जर।** मीटिंग में उपस्थित इनेलो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## हत्या और डकैती में शामिल टक्कर गैंग का बदमाश अरेस्ट

- रोहिणी कोर्ट भगोड़ा अपराधी भी घोषित कर चुकी

**नई दिल्ली।** बेगमपुर क्षेत्र में हत्या और डकैती के सनसनीखेज मामले में वांछित फरार अपराधी को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपी करण उर्फ कल्लू कुख्यात विक्की टक्कर उर्फ दाऊद गैंग का सदस्य बताया गया है। रोहिणी कोर्ट इसे भगोड़ा अपराधी भी घोषित कर चुकी थी। पुलिस के अनुसार आरोपी को स्पेशल स्टाफ, आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट द्वारा मामला दर्ज होने के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। बाद में 2024 में उसे न्यायालय द्वारा 10 दिनों के लिए अंतरिम जमानत दी गई थी। जमानत पर बाहर आने के बाद वह फरार हो गया। इसके बाद कोर्ट द्वारा पीओ घोषित किया गया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह बार-बार अपना ठिकाना बदल रहा था। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता ने बताया था कि वह अपने भाई के परिवार के साथ रहता है। 9 दिसंबर 2019 को रात्रि 10 बजे जब वह अपने भाई के साथ बैठा था। उसके भाई के दाहिने पैर पर प्लास्टर चढ़ा हुआ था, क्योंकि 15 दिन पहले उसका एक्सीडेंट हो गया था। तभी अचानक से तीन चार लड़के उनके घर में घुस आए। उन्होंने परिवार के सदस्यों को बंधक बनाकर डकैती की योजना को अंजाम दिया।

## कीर्ति नगर में खिलौने की शॉप में लगी भीषण

**नई दिल्ली।** राजधानी में आग लगने की घटनाओं का सिलसिला लगातार जारी है। बुधवार देर रात पश्चिमी दिल्ली के कीर्ति नगर इलाके में एक खिलौनों की शॉप में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते पूरी शॉप आग की चपेट में आकर खाक हो गई। कंट्रोल रूम को सूचना मिली तो दमकल की पांच गाड़ियों ने मौके पर भेजा गया। लगभग सवा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई घायल या हताहत नहीं हुआ। फायर कंट्रोल रूम को रात 2:55 पर आग की सूचना मिली थी। दमकल गाड़ियां और करीब 25 कर्मियों की टीम रमेश नगर के तिलक मार्केट में पहुंची। सब ऑफिसर वीरेंद्र के नेतृत्व में सुबह 4 बजकर 5 मिनट पर आग पर काबू पाया गया। उसके बाद कूलिंग कार्य किया गया। आग की चपेट में पास ही खड़ी एक स्कूटी भी आग गई। जिस दुकान में आग लगी थी वह खिलौने और घड़ियों की दुकान थी।

## मौसम एक सप्ताह तक इसी तरह का बना रहने के आसार, हवा में नमी बढ़ने से उमस भरी गर्मी से राहत नहीं

# बिना बरसे ही लौट रहे बदरा, मौसम साफ होते ही चढ़ा पारा

- अगले सप्ताह में अच्छी बरसात की संभावना जताई जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

आसमान में बादल गहराने के बाद बिना बरसे ही लौट रहे हैं। तेज धूप खिलते ही भारी गर्मी पसीना निकाल रही है। हवा में नमी बढ़ने से उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता कम हो रही है, जिससे अच्छी बरसात की संभावनाएं भी क्षीण पड़ने लगी हैं। लगभग एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। आने वाले सप्ताह में अच्छी बरसात की संभावना जताई जा रही है। वीरवार को सुबह के समय आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर तक बादल साफ हो गए। इसके बाद तेज धूप निकली, परंतु दोपहर बाद आसमान में बादल गहरा गए। अधिकतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 35.5 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री की मामूली कमी के साथ 24.0 डिग्री पर आ गया। 14 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं, जबकि नमी का प्रतिशत 65 रहा। वातावरण में नमी के कारण मौसम चार दिन से चिपचिपा बना हुआ है। चिपचिपाहट के कारण भारी उमस लोगों को जमकर परेशान कर रही है। दोपहर बाद तक उमस भरी जमकर पसीना निकालती है। शाम के समय आसमान में बादल गहराने और तेज हवाएं चलने से कुछ हद तक राहत मिलती है। कूलरों की हवा उमस का असर कम करने की बजाय बढ़ा रही है। घरों में भी कूलर चलाने से वातावरण में चिपचिपाहट बढ़ जाती है। बारिश का सिलसिला फिलहाल रुक गया है, गर्मी का प्रकोप फिर से बढ़ना शुरू हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार विक्षोभ की सक्रियता में कमी आने से मानूसन एक्टिव नहीं हो पा रहा है। एक सप्ताह तक मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिलेगा। तापमान में भी उतार-चढ़ाव बना रहेगा।



**रेवाड़ी।** वीरवार दोपहर को शहर में छाए बरसात के बादल।

### मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ने लगा

तीन दिन पहले हुए अच्छी बरसात के बाद वातावरण में नमी ने मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ा दिया है। इससे मलेरिया और डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़नी शुरू हो सकती है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभी तक फोगिंग शुरू नहीं कराई गई है। रात के समय मच्छर लोगों की नींद हराम करने लगे हैं। ज्यादा बरसात होने पर मच्छरों का प्रकोप और बढ़ सकता है। किसान इस समय खेतों में बाजरे की बिजाई करने में लगे हुए हैं। इस माह के अंत तक बाजरे की बिजाई का कार्य भी पूरा हो जाएगा।

**नीलामी सूचना**

**ग्राम पंचायत नूना माजरा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नूना माजरा खंड बहादुरगढ़ जिला झज्जर की सामान्य चौपाल बिल्डिंग के पुराने सामान, जैसे- कड़ी, शहतीर, गाटर, टुकड़ी, खिड़की-दरवाजे इत्यादि सामान की दिनांक 16/07/2025 को प्रातः 11:00 बजे स्थान सामान्य चौपाल (ढेला पाना) नूना माजरा में खुली बोली द्वारा नीलामी की जाएगी। बोली के नियम एवं शर्तें मौके पर बताई जाएंगी। इच्छुक बोलीदाता निश्चित समय व स्थान पर पहुंचकर खुली बोली में भाग ले सकते हैं।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत नूना माजरा
खंड बहादुरगढ़, जिला झज्जर
मोबाइल:- 7015452836.

## खबर संक्षेप



### शिविर में पचास लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**झज्जर।** वीरवार को शहर के हरिपुरा मौहल्ला स्थित आनंदपुरी कुटिया में स्वास्थ्य शिविर व योग सत्र का आयोजन किया गया। आयुष विभाग द्वारा लगाए गए इस स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉक्टर आरुषि शर्मा ने अपनी टीम के साथ सेवाएं दी। इसके अलावा शिविर में उपस्थित योगा शिक्षक ज्योति व उर्मिला द्वारा लोगों को योग के माध्यम से होने वाले फायदों से अवगत कराया गया। आयोजक समिति सदस्य जगदीश गेरा ने बताया कि शिविर के दौरान आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा शिविर में आए पचास से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान जरुरतमंद लोगों में निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान की गई।

### बादलों ने किया निराश उमस से परेशानी

**झज्जर।** वीरवार को एक बार फिर बादलों ने परेशान किया। दोपहर बाद एकाएक आसमान में काली घटा छा गई और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश होने लगी। जिसको देखकर लगा कि जमकर बारिश होगी और गर्मी से राहत मिलेगी। लेकिन बादल कुछ देर तक हल्की बारिश करने के बाद आगे बढ़ गए। जिसके कारण वातावरण में उमस और अधिक बढ़ गई। पंखें के नीचे भी लोग पसीने से तरबत्तर रहे। जिसके कारण काफी परेशानी हुई। वीरवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियज और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में भी मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे है।

### टीकाकरण अभियान को लेकर कर रहे जागरूक



**झज्जर।** स्वास्थ्य विभाग एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में जिले में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य पांच वर्ष तक की आयु के उन बच्चों को आवश्यक टीके लगवाना, जो किसी कारणवश नियमित टीकाकरण से वंचित रह गए हैं। आगामी 28 जून तक जिलेभर में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। सिविल सर्जन डॉक्टर जयमाला ने बताया कि लोगों को जागरूक करने व अभियान को सफल बनाने के लिए 'अपने बच्चे को बीमारियों से बचाएंगे, सब काम छोड़ पहले टीके लगवाएंगे' का नारा दिया गया है।

#### सरकारी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं होने से आमजन में नाराजगी

# विकास कार्यों में घटती गुणवत्ता शासन-प्रशासन के लिए चुनौती

**शहर से लेकर गांवों में बन रही सड़कों व नालों के निर्माण की गुणवत्ता ठीक नहीं है**

रवींद्र राठी ⏭ बहादुरगढ़

केंद्र और राज्य सरकार द्वारा शहर से लेकर गांवों के विकास के लिए धन उपलब्ध करवाया जा रहा है, लेकिन ज्यादातर धनराशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। सरकारी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल शासन-प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। यदि समय रहते खामियों को नहीं सुधारा गया, तो यह जनता के लिए गंभीर समस्या बन सकती है। प्रशासन को चाहिए कि निर्माण कार्यों की निगरानी बढ़ाए ताकि जनता को लंबे समय तक इनका लाभ मिल सके। जी हां, इन दिनों 'विकास' केवल कागजों में ही सीमित रह गया है।

शहर से लेकर गांवों में बन रही सड़कों व नालों के निर्माण की गुणवत्ता ठीक नहीं है। नगर परिषद से लेकर पंचायतों में गुणवत्ता के मापदंडों को दरकिनार कर निर्माण कार्य करवाए जा रहे हैं। विकास की जिम्मेदारी जिनके हाथों में हैं, वे शासकीय राशि की बंदरबाट कर विकास को पलीता लगाने पर आमादा हैं। तमाम विकास परियोजनाओं के लिए निर्धारित सार्वजनिक धन का जमकर दुरुपयोग हो रहा है। शिकायत के बाद भी जिम्मेदारों की मनमानी बखूबी चल रही है। लाइनपार के डिग्गी वाले रोड पर आरसीसी नाले का निर्माण किया जा रहा है। चेयरपर्सन सरोज राठी भी इस नाला निर्माण का जायजा लेकर खामियों को दुरुस्त करने की चेतावनी दे चुकी है। बावजूद इसके सरिये में गैप साफ नजर आ रहा है। पानी निकाले बगैर ही सीसी डाली जा रही है। स्थानीय निवासी अभिषेक ने सीएम नायब, संबंधित मंत्री विपुल गोयल समेत दर्जनभर अधिकारियों को शिकायत भेजी है। कृष्णा देवी ने बताया कि नाला निर्माण के नाम पर उनके घर की दीवार तोड़ दी और फिर वहां एमसी लैंड का बोर्ड लगवा दिया।




बहादुरगढ़। नए बने फ्लाईओवर पर उखड़ी सड़क की रोड़ी व लाइनपार में बन रहे आरसीसी नाले की हालत। फोटो: हरिभूमि

### बीते दिनों बनाई गई सड़कें गड्ढों में तब्दील हो रही

क्षेत्र में जिन सड़कों को बीते दिनों लोगों के उपयोग के लिए बनाया गया, वे गड्ढों में तब्दील हो रही हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा बादली-बहादुरगढ़ रोड तथा बेरी-बहादुरगढ़ रोड का निर्माण करवाया गया, लेकिन दोनों सड़कों के निर्माण में बड़े स्तर पर गड़बड़ी की गई। गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य के चलते सड़कें बनते-बनते उखड़ रही हैं। ऐसे में इन सड़कों का लंबे समय तक टिक पाना मुश्किल है। ऐसे ही मनमानी पूर्वक बहादुरगढ़-बराही रोड का निर्माण भी किया गया। ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य जसबीर सैनी भी इसे लेकर लगातार सवाल उठा रहे हैं। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### नेशनल हाइवे पर बने फ्लाईओवरों की रोड़ी निकली

पूर्व पार्षद वजीर राठी ने बताया कि विकास कार्यों में भ्रष्टाचार के दुष्परिणाम दूरगामी होते हैं। निम्न-गुणवत्ता वाली सेवाओं में शामिल ठेकेदारों और अधिकारियों द्वारा अनुचित तरीके से धन अर्जित किया जा रहा है। नेशनल हाइवे पर बने फ्लाईओवरों की चालू होते ही रोड़ी निकलने लगी है। प्रशासनिक मामलों में राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते भ्रष्ट गतिविधियों में इजाफा हुआ है। कानूनों की अनुपालना के लिए जिम्मेदार संस्थाएं समझौतावादी बन चुकी हैं। ये भ्रष्ट व्यक्तियों को जवाबदेह ठहराने में विफल हो रही हैं। जिस कारण अर्थव्यवस्था, समाज और पर्यावरण पर विनाशकारी प्रभाव पड़ रहे हैं।

### विजिलेंस संबंधित अधिकारियों से शिकायत

पूर्व पार्षद लक्ष्मी सहवाग के पति समुंद्र सहवाग ने भी सैनीपुरा व सेक्टर-9 की तरफ बन रहे नाले की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने विजिलेंस समेत संबंधित अधिकारियों से इसकी शिकायत भी की है। उनकी मानें तो नाला निर्माण में तय मानकों की सरेआम धज्जियां उड़ाई गई हैं। रात के समय में बने इस सरिए में निर्धारित से काफी कम सरिया और सीमेंट का प्रयोग किया गया है। उन्होंने बताया कि सरकारी निर्माण कार्यों में शासकीय राशि की बंदरबांट की जा रही है। बुनियादी ढांचे की गुणवत्ता से समझौता आमजन की सुरक्षा के लिए घातक हो सकता है।



बहादुरगढ़। स्वामी सहजानंद को नमन करते संगठन के सदस्य व समर्थक।

# स्वामी सहजानंद को स्मृति दिवस पर किया नमन

## दीनबंधू छोटूराम धर्मशाला में श्रद्धांजलि सभा की

- ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने कहा- स्वामी सहजानंद ने वामपंथी ताकतों को एकजुट किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

स्वामी सहजानंद सरस्वती के 75वें स्मृति दिवस पर वीरवार को ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने दीनबंधू छोटूराम धर्मशाला में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। संगठन के कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के करीबी सहयोगी तथा राष्ट्रवादी किसान आंदोलन की अग्रणी हस्ती को बड़े आदर और सम्मान के साथ साथ याद किया। संगठन के प्रदेश सचिव जयकरण मांडोठी ने बताया कि स्वामी सहजानंद सरस्वती का जन्म 22 फरवरी 1889 को यूपी के गाजीपुर में हुआ था। जबकि 26 जून 1950 को बिहार के मुजफ्फरपुर में उन्होंने अंतिम सांस ली थी। चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करते हुए उन्होंने बताया कि 1936 में कांग्रेस के लखनऊ अधिवेशन में स्वामी जी को अखिल भारतीय किसान सभा का अध्यक्ष चुना गया। वे ब्रिटिश शासन के खिलाफ एक अडिग योद्धा थे।

आजादी के बाद स्वामीजी को एहसास हुआ कि उन्होंने इस आजादी के लिए संघर्ष नहीं किया। यह आजादी मुट्ठीभर पूंजीपतियों के लिए है। उन्होंने वामपंथी ताकतों को एकजुट किया। उन्होंने 1949 में संयुक्त किसान सभा का गठन किया। उनकी मृत्यु के साथ क्रांतिकारी किसान आंदोलन बनाने का प्रयास समाप्त हो गया। लालजी, मंगल सिंह, राम अवतार, सुनील बल्हारा, ऋषि पाल, सतीश दलाल, उदय सिंह, मास्टर हुकम सिंह, प्रदीप, बल्ली सिंह, सतीश कुमार, अंकित, सोनिया व प्रेम सिंह आदि ने महान स्वतंत्रता सेनानी एवं किसान आंदोलन के अग्रदूत सहजानंद सरस्वती को नमन किया।



बहादुरगढ़। अभियान के दौरान चेकिंग करती जीआरपी टीम। फोटो: हरिभूमि

# रेलवे स्टेशन पर चलाया जांच अभियान

- नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक भी किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

राजकीय रेलवे पुलिस की ओर से वीरवार को रेलवे स्टेशन परिसर में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान टिकट काउंटर, प्लेटफार्म पर मौजूद यात्रियों के सामान की जांच की गई। स्टेशन के आसपास मौजूद लोगों व वाहनों की भी चेकिंग की। एसएचओ विनोद कुमार की अगुवाई में यह कार्रवाई चली। इस दौरान लोगों को नशे के प्रति जागरूक भी किया गया। एसएचओ ने कहा कि नशा समाज में गंभीर बुराई है। नशा करने वाले शख्स का पूरा परिवार बर्बाद हो जाता है। साथ ही आपराधिक वारदात भी बढ़ती हैं। इसलिए नशे से दूर रहना चाहिए। दूसरों को भी इससे दूर रहने को जागरूक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सफर करते वक्त अपने सामान का भी ख्याल रखना चाहिए। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि नजर आए तो पुलिस को तुरंत सूचित करें ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। अभियान में एएसआई राजेश, उर्मिला, लोकेश, सिपाही नरेंद्र, दलबीर व सन्नी शामिल रहे।

# मधुमेह से बचने के लिए जागरूक होना जरूरी : डॉ. अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

अपनी जीभ पर नियंत्रण नहीं कर पाने की वजह से लोग मधुमेह रोग के शिकार हो रहे हैं। हाल ही के दिनों में मधुमेह से ग्रसित होने वालों की संख्या में भारी उछाल आया है। हालांकि चिकित्सकों के अनुसार मजबूत इच्छाशक्ति के बल पर शुगर नामक इस रोग से छुटकारा पाया जा सकता है। मधुमेह एवं उसके प्रकोप से बचने के लिए सभी का जागृत होना अनिवार्य है। शारीरिक व्यायाम में कमी और बढ़ते वजन के फलस्वरूप अधिकाधिक लोग देश में मधुमेह के शिकार होते जा रहे हैं। मधुमेह से बचाव के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच, खान पान आदतों में सुधार, शारीरिक कसरत के महत्व, पैदल चलने, व्यायाम एवं समय पर अपने डॉक्टर से परामर्श लेने की सख्त जरूरत है। डॉ. गौरव अग्रवाल के अनुसार सामान्य तौर पर किसी स्वस्थ व्यक्ति का रक्त शर्करा खाली पेट जांच कराने पर 110 मिलिग्राम से कम होना चाहिए और 75 ग्राम ग्लूकोज पीने के दो घंटे बाद 140 से कम होना चाहिए। यदि यह खाली पेट 126 या उससे अधिक और ग्लूकोज पीने के 2 घंटे बाद 200 या उससे अधिक हो तो उस व्यक्ति को मधुमेह रोग है। प्री-डायबिटीक को हम मधुमेह के घोषित मानक के तत्काल पहले की अवस्था को कहते हैं। उनके अनुसार अधिकांश लोग मधुमेह से ग्रसित होने के पश्चात ही जान पाते है कि यह बीमारी कितनी घातक एवं जानलेवा हो सकती है। यदि हम जल्दी ही जागृत न हुए तो इससे प्रभावित लोगों कि संख्या में गुणात्मक वृद्धि जारी रहेगी। आज के बच्चों एवं युवाओं को हमें नियमित व्यायाम, उचित भोजन चयन एवं जीवन शैली के प्रति न केवल जागरूक करना होगा बल्कि निगरानी भी रखनी होगी। इसके लिए पारिवारिक, शिक्षण संस्थाओं, आदि हर स्तर पर प्रयास करने होंगे।



डॉ. गौरव अग्रवाल

# वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स के लिए अमेरिका गए विकास और जगदीश



बहादुरगढ़। विकास और जगदीश को शुभकामनाएं देते अनिल खत्री व अन्य। फोटो: हरिभूमि

- तैराकी स्पर्धा में भाग लेंगे पुलिस के दोनों जवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स की तैराकी स्पर्धा में भाग लेने के लिए हरियाणा पुलिस के इंस्पेक्टर विकास कादयान और सब इंस्पेक्टर जगदीश सिहाग अमेरिका रवाना हो गए हैं। ये दोनों तैराक बहादुरगढ़ की एचएल सिटी में स्थित चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी के स्विमिंग पूल पर भी प्रैक्टिस करते हैं। बता दें कि वर्ल्ड पुलिस गेम्स 27 जून से 6 जुलाई तक बर्मिंघम, अलबामा, अमेरिका में आयोजित किए जा रहे हैं। इंस्पेक्टर विकास कादयान बहादुरगढ़ के केएमपी पुलिस स्टेशन में एसएचओ के तौर पर सेवारत हैं। सब इंस्पेक्टर जगदीश सिहाग मुख्यालय में बतौर सिक्योरिटी इंचार्ज तैनात हैं और हरियाणा पुलिस के तैराकी कोच भी हैं। विकास 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक इवेंट में भाग लेंगे। जबकि जगदीश 50 मीटर बैक्स्ट्रोक और 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में जौहर दिखाएंगे। हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव अनिल खत्री समेत अन्य तैराकों ने दोनों को शुभकामनाएं देते हुए अमेरिका रवाना किया। इंस्पेक्टर विकास कादयान और सब इंस्पेक्टर जगदीश ने वर्ल्ड पुलिस गेम्स से पदक जीतने का भरोसा जताया। इस मौके पर सुरेश जून, कोच साई जाधव, पदमपाल, विशाल, कृष्णमुरारी और साहिल शर्मा भी मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

#### सिटी नंबर वन क्षेत्र में नए फीडर पर तार बदलने से परेशानी

# उमस भरी गर्मी में दिनभर बिजली गुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

वीरवार को शहर के सिटी नंबर वन क्षेत्र में नए फीडर पर तार बदलने का कार्य किया गया। इस कार्य के चलते शहर के भट्टी गेट क्षेत्र में सुबह आठ बजे गई बिजली सायं करीब पौने पांच बजे सुचारू हो पाई। सुबह के समय जब बिजली चली गई तो उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा बनाए गए व्हाट्सअप ग्रुप में लोगों को मोबाइल पर अपडेट कराते हुए अधिकारियों द्वारा संदेश डाला गया कि आपकी लाइट दस बजे आएगी। इसके बाद फिर दस बजे बाद ग्यारह बजे आने की बात कही गई।

उसके दो बजे फिर तीन बजे आने के अपडेट आते रहे लेकिन बिजली नहीं आई। गुल बिजली के कारण जहां लोगों को बुरा हाल रहा वहीं घर में रहकर चूल्हा-चौका व अन्य घरेलू कार्य करने वाली महिलाओं को काफी परेशानी आई। वे दिन भर पसीने से तर-बतर रहीं और बिजली निगम कर्मचारियों को कोसती नजर आई। ऐसे में जहां गली-मौहल्लों के कुछ घरों से गर्मी में बिलखते हुए छोटे बच्चों की आवाजें आती रहीं। महिलाओं ने हाथ से हवा झेलने वाले बीजने निकाल कर बच्चों को राहत दिलाई। घर का जरूरी काम निपटाने के बाद कुछ महिलाएं जहां लाइट के अभाव के घरों की दहलीज पर बैठे हुए हाथों से पंखा झेलते हुए नजर आई वहीं कुछ बुजुर्गों अपनी खाट दहलीज पर डालकर राहत पाने की कोशिश करते दिखाई दिए। ऐसे में भट्टी गेट, त्रिमूर्ति मंदिर, सिलानी गेट, दमदमा मौहल्ला, हरिपुरा मौहल्ला का कुछ ऐरिया, गुरुग्राम रोड, सुमन सिटी, सब्जी मंडी आदि क्षेत्र की बिजली व्यवस्था प्रभावित रही।



झज्जर। भट्टी गेट के पास घर की दहलीज पर बैठी गरमी से परेशान महिलाएं।



झज्जर। बाजार में बिजली सुचारू करने में जुटे बिजली कर्मी।

### आज भी बिजली प्रभावित रहेगी

बिजली निगम ने उपभोक्ताओं के लिए शुक्रवार को बिजली व्यवस्था बाधित रहने संबंधी अपडेट दिया है। जिसमें लिखा गया था कि सभी उपभोक्ताओं को सूचना दी जाती है कि कल दिनांक 27 जून को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा 132 केवी की लाइन को हटाने का काम किया जाना है। जिसके लिए सुबह दस बजे से शाम तीन बजे तक सप्लाई बंद रहेगी।

### एलईडी लाईट जली

मेन बाजार में डाकखाना से डायमंड चौक जाने वाले रास्ते पर स्थापित बिजली पोल में सुबह के समय अचानक आग लग गई। इस कारण व्यापारियों द्वारा लाइट बंद कराई गई। दुकानदारों का कहना रहा बंद लाइट को ठीक करने के लिए कर्मचारी शिकायत करने के दो घंटे बाद पहुंची। अचानक तेज लाइट आने के चलते व्यापारी राजीव सिंगला की दुकान में लगी करीब दस एलईडी लाइट खराब हो गई।

# गांव में 101 त्रिवेणी रोपकर ग्रामीणों को जागरूक किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

स्वामी नितानंद महाराज के 225वें निर्वाण पर्व के उपलक्ष्य में पर्यावरण बचाने के लिए के स्वामी राजेंद्र दास महाराज द्वारा शुरू की गई यात्रा वीरवार को जाहिदपुर गांव पहुंची। तपोभूमि जटेला धाम के पीठाधीश्वर स्वामी राजेंद्र दास ने क्षेत्र में 101 त्रिवेणी लगाई।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने लोगों को पौधारोपण करने व उनकी देखभाल के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि उनकी यह यात्रा अब देश भर में पौधारोपण करेगी। उन्होंने कहा कि संतो ने समाज को दिशा देने का काम किया है। आर्थिक विकास के नाम पर अंधाधुंध वृक्षों की कटाई कर मानव द्वारा पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया गया है। ऐसे में हम सबका यही दायित्व बनता है कि हम पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करें। धरती मां को साफ-सुथरा और हरा-भरा रखने के लिए त्रिवेणी महोत्सव की शुरुआत की गई है। उन्होंने त्रिवेणी रोपित करते हुए कहा कि बरगद, पीपल व नीम न केवल सबसे ज्यादा ऑक्सीजन देते हैं अपितु जीवों के लिए भोजन व आश्रय की उपलब्ध कराते हैं। इस मौके पर ग्राम सरपंच नवीन, जयपाल लांबा, नरेश, गगन वर्मा, सनाया लांबा, अमित, प्रवीन, सोनू, तेज गुलिया, बिजेंद्र पंडित, कुलदीप, सतीश, विद्यानंद सुहाग, रघुवीर दरोगा, डॉक्टर मानूराम, सुनील, गौरव, भरत, रविंद्र, ढीलू, जयभगवान उपस्थित रहे।